तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

12 होली पर्व : हेलीकॉप्टर व रेन डांस पिचकारी करेंगी बौछार...



12 28 को वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो निगम क्षेत्र का प्रत्येक...



## खबर संक्षेप

### अचानक ब्रेक लगाने से बाइक चालक घायल

**गन्नौर।** खूबड़ू झाल पुल के पास अचानक ब्रेक लगाने से सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक युवक घायल हो गया। गांव एमपी माजरा निवासी जसबीर ने खुबडू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में बताया कि 19 फरवरी को वह खेतों से लौट रहे थे। जैसे ही वह पुल के समीप पहुंचे, कैलाना की ओर से आ रही एक कार ने ब्रेकर के पास अचानक ब्रेक लगा दिए। कार के पीछे चल रही बाइक कार से टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक को चोटें आईं। घायल की पहचान मोहित निवासी बल्लाह, करनाल के रूप में हुई है। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए खानपुर मेडिकल पहुंचाया गया।

### बाइक चोरी मामले में तीसरा आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में संलिप्त तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ विक्की निवासी गांव दादरी बिनौली उत्तर प्रदेश है। पुलिस के अनुसार 23 जनवरी 2024 को आशीष पुत्र राम कुमार निवासी बैयापुर खुर्द ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे उसकी मोटरसाइकिल घर के पास वाली गली से चोरी हो गई।

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**गन्नौर।** अनूप नगर में बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ति शंकर ने थाना गन्नौर में दी शिकायत में बताया कि वह 17 फरवरी को परिवार सहित उत्तर प्रदेश के शामली जिले में एक शादी समारोह में गए थे। 20 फरवरी को पड़ोसी कुलदीप का फोन आया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वह वापस लौटे तो घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर सोने की झुमकियां, चांदी की पायल, चांदी का पंचगला और एलईडी टीवी चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बड़ी में घर में घुसकर दंपती पर हमला

**गन्नौर।** गांव बड़ी में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रियंका ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बताया कि 8 फरवरी की सुबह करीब सात बजे गांव के ही संजू, अर्चना, गोरख, रिया व छोटी ने उनके घर में जबरन प्रवेश कर उन पर और उनके पति नैन सिंह पर हमला कर दिया। जिससे नैन सिंह की आंख और पसली में चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गन्नौर से पीजीआई खानपुर रेफर किया गया।

## ड्रेन नंबर 6 का निर्माण अधूरा : दिल्ली से आईआईटी की टीम ने 16 को किया था निरीक्षण

# सवा माह बीता, नहीं मिली रिपोर्ट व लेआउट, कुछ बदलाव का निर्णय

***ड्रेन 6 के निर्माण पर नगर निगम अब तक खर्च कर चुका 139.29 करोड़, फिर भी शहर में असुविधा***

*वर्ष 2025 में ड्रेन के अधूरे निर्माण पर एक भी ईंट लगाने में असमर्थ रहा नगर निगम, अब पर्दों से ढकने को दिख रहा मजबूर,16 नवंबर को केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया था शिलान्यास, आज तक सोनीपत की सुंदरता नहीं बढ़ा पाई योजना, नगर निगम का दावा, 9.5 करोड़ रूपये मंजूर, वर्ष 2026 में अधूरी योजना को चढ़ाया जाएगा सिरे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर में 6 वर्ष पहले शुरू किए गए ड्रेन नंबर 6 का निर्माण नगर निगम तय समय सीमा में भी पूरा नहीं करवा पाया है, जबकि ड्रेन के निर्माण पर दो भागों में 139.29 करोड़ रुपये की राशि खर्च हो चुकी है। शहर के बीचों-बीच गुजर रही निर्माणाधीन ड्रेन नंबर 6 के अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के उद्देश्य से 16 जनवरी को दिल्ली की आईआईटी की टीम व नगर निगम अधिकारियों ने निरीक्षण कर योजना को सिरे चढ़ाने का जायजा लिया था। इसके बाद टीम को करीब 20 दिन के अंदर नगर निगम के उच्च अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट के साथ लेआउट मुहैया करवाया था, लेकिन सवा माह बीत जाने के बावजूद अधिकारी ड्रेन के शेष लेआउट से वंचित हैं।

शहर की अधूरी पड़ी इस प्रमुख योजना को वर्ष 2026 में पूर्ण करवाकर शहरवासियों को करनाल के मुगल कैनाल की तर्ज पर सुविधा प्रदान करना है, लेकिन नगर निगम अधूरे पड़े ड्रेन नंबर 6 के निर्माण के कार्य को लेकर वर्ष 2025 में एक कदम नहीं चल पाया। ऐसे में शहरवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। खासकर शहर में चार जगह पुलों पर जुड़ाव न होने व खुली ड्रेन के चलते हर समय यहां से आवागमन करने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। यहां सुविधा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है। इन्हीं खामियों पर पर्दा डालने के लिए नगर निगम ने मामा भांजा चौक के पास पुलिया पर ड्रेन के साथ ग्रिल लगाकर सुंदरता के लिए बागवानी की चित्रकारी भी बनाई है। वहीं अधिकारियों की मानें तो दिल्ली आईआईटी से मिलने वाले लेआउट में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। इसके बाद काम को शुरू करवाया जा सकता है।



**सोनीपत।** राठधना के पास निर्माणाधीन ड्रेन नंबर 6 के साथ बहता दूषित पानी।

### शेष कार्य पर खर्च की जाएगी 9.50 करोड़ की राशि

नगर निगम को ड्रेन 6 का शेष कार्य पूरा करने के लिए 9.50 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। निगम ने वर्ष 2026 में अधूरी पड़ी योजना को सिरे चढ़ाने का निर्णय लिया है। योजना को सिरे चढ़ाने के उद्देश्य से ही आईआईटी की टीम ने निगम अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया था। उम्मीद है कि इस साल ड्रेन का निर्माण पूरा होने के साथ शहर की सुंदरता को बढ़ावा मिल सकता है। इनमें राठधना के साथ सभी पुलों का लेआउट के हिसाब से ड्रेन से मिलान करवाया जाएगा। फिलहाल अधिकारियों को ड्रेन के शेष कार्य के लेआउट का इंतजार है।

### कई जगह अधूरा पड़ा है पुलों को ड्रेन से जोड़ने का कार्य

नगर निगम की ओर से अटल मिशन (अमृत) योजना के तहत देवडू रोड से शादीपुर तक कायाकल्प व शहरी परिवर्तन के लिए ड्रेन का निर्माण करवाया जा रहा है। इस क्षेत्र में ड्रेन को पक्का करने के साथ सुंदरीकरण के कार्य करवाए जाने हैं। ड्रेन निर्माण के लिए केंद्रीय विद्युत मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिलान्यास किया था। ड्रेन के पार्ट-1 को पक्का करने के लिए 92 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है, जबकि राठधना के पास 250 मीटर व शहर में सभी पुलों पर करीब 250 मीटर क्षेत्र में ड्रेन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। वर्ष 2025 में ड्रेन के अधूरे निर्माण पर निगम एक ईंट भी लगाने में असमर्थ रहा, जबकि संबंधित कार्य को दो वर्ष के अंदर पूरा किया जाना है। निगम ने वर्ष 2024 में मानसून से पहले 92 फीसदी कार्य को पूर्ण कर लिया था। अब दिल्ली रोड, बस अड्डे के पास, राठधना के पास व बहालगढ़ रोड पर पुलों को ड्रेन से जोड़ने का कार्य अधूरा पड़ा है।

### ड्रेन के पार्ट-2 निर्माण कार्य पर खर्चे 47.29 करोड़ रुपये

निगम ने ड्रेन 6 के पार्ट-2 का निर्माण कार्य 47.29 करोड़ रुपये से अप्रैल 2025 कर लिया था। पार्ट-1 का निर्माण कार्य करीब डेढ़ साल बाद भी शुरू होने का इंतजार कर रहा है। सरकार ने ड्रेन के पार्ट-2 में होने वाले निर्माण कार्य को वर्ष 2019 में मंजूरी प्रदान की थी। वर्ष 2020 में टेंडर आवंटन के बाद निगम ने डेढ़ साल में इस कार्य पूरा करना था। इस बीच ड्रेन के 800 मीटर क्षेत्र में 112 पेड़ बाधा बने रहे, जिससे निर्माण में दो वर्ष की देरी हुई।

### 34 करोड़ से ड्रेन पर सड़क का होगा निर्माण

सभी पुलिया पर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आईटीआई चौक के पास सेक्टर 12 मार्ग स्थित पुलिया से बहालगढ़ तक ड्रेन पर करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। योजना के तहत सड़क के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट का निर्माण करवाया जाएगा। दावा है कि इस कार्य के लिए 34 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। इससे ड्रेन के आसपास रहने वाले लोगों को गंदगी से निजात मिलने के साथ सुविधा मिलेगी।

### टीम ने लेआउट में बदलाव के दिए सुझाव

*दिल्ली की आईआईटी टीम से रिपोर्ट व लेआउट पर बातचीत की गई है। टीम ने लेआउट में कुछ बदलाव किए जाने का सुझाव दिया है। जिस पर जल्द अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम के साथ चर्चा की जाएगी। अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के लिए राज्यस्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) की बैठक में 9.50 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। लेआउट फाइनल होते ही कार्य को शुरू करवाया जाएगा।*

*-पद्मभूषण, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, सोनीपत*

## नपा की बैठक में 55 करोड़ का बजट पारित, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**खरखौदा।** बैठक में बजट पर चर्चा करते चेयरमैन व पार्षद।

- बैठक में आमदनी बढ़ाने को लेकर भी हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन हीरालाल इंदौरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें अगले वित्त वर्ष के लिए 55 करोड रुपए का बजट पेश किया गया। इसके अलावा नगर पालिका की आमदनी कैसे बढ़ाई जाए जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2025 - 26 में 12 करोड़ 51 लाख रुपए का बजट पेश किया गया था। जिसे अब बढ़कर 2026- 27 के लिए 55 करोड़ 25 लाख अनुमानित बजट रखा गया है। नगर पालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा ने स्वयं नंदीशाला की व्यवस्था को असंतोषजनक बताया। उनका कहना था कि नंदी शाला में जो कर्मचारी लगाए गए हैं वह अपेक्षा के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं। जिससे वहां पर रह रही गायों को न समय पर चारा मिल रहा है न उनकी सही देखभाल हो रही है। सरकार द्वारा नंदी शाला को जो पैसा दिया जाता है उसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए सभी पार्षदों से राय मांगी कि यदि नगर पालिका द्वारा नंदी शाला की देखभाल नहीं की जा रही है तो वह सरकार से गुजारिश करके इन सभी गायों को क्यों न किसी दूसरी नंदी शाला में भिजवा दें। उन्होंने कहा कि नंदी शाला में गायों के लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध करवाया जाए। पार्षद नवीन दहिया ने नपा में कथित घोटाला किए जाने के आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की सबसे बड़ी इनकम का स्रोत प्रॉपर्टी टैक्स से है। उसी में ही घोटाला किया जा रहा है। इस व्यवस्था को ठीक किया जाए, ताकि नपा कि आमदनी को बढ़ाया जा सके और शहर में विकास कार्य हो सके। उन्होंने बताया कि 2021 में बिना अनुमति के निर्माण कार्य करने वाले 33 मालिकों को नोटिस दिए गए थे।

### लोग गली में डाल देते हैं कूड़ा

कई पार्षदों ने शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि शहर वासियों द्वारा कूड़ा बाहर गली व सड़क पर फैंक दिया जाता है। जिससे गंदगी फैली रहती है। इस पर नपा प्रशासन ध्यान दें शहर में मुनादी करवा कर कूड़ा बाहर न फेंक घर या दुकानदार डस्टबिन में डालें और नगर पालिका की गाड़ी डाले, ताकि शहर को साफ सुथरा रखा जा सके। पार्षदों ने दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण पर भी नाराजगी जताई। जिसमें उन्होंने बताया कि नगरपालिका द्वारा समय-समय पर जो अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाता है वह भी ठीक ढंग से नहीं चलाया जाता। यदि कार्रवाई की जाती है तो सही तरीके से की जाए, जिसमें भेदभाव की नीति नहीं होनी चाहिए। वाइस चेयरमैन मुकेश सैनी ने कहा कि शहर में सभी दुकानदारों के लिए एक दिन का अवकाश निश्चित होना चाहिए। जिससे दुकानदार व दुकानों पर काम करने वाले मजदूरों को एक दिन की छुट्टी मिल सके और वह अपने आवश्यक कार्यों को पूरा कर सकें। पार्षद प्रमोद इंदौरा ने कर्मचारियों को बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने व फॉगिंग के लिए मशीन खरीदने की मांग उठाई।

## फर्जी रजिस्ट्री मामले में एसआईटी को नहीं मिल रहा रिकार्ड, भेजा नोटिस

**गन्नौर।** गांव बांय में 36 कनाल जमीन की संदिग्ध रजिस्ट्री से जुड़ा मामला जांच के बावजूद आगे नहीं बढ़ पा रहा है। एसआईटी को तहसील कार्यालय से जरूरी दस्तावेज और मूल रिकार्ड अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिससे पड़ताल की रफ्तार धीमी हो गई है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर गठित एसआईटी ने रजिस्ट्री से संबंधित सभी रिकार्ड तलब किया था। रिकार्ड न मिलने पर टीम ने संबंधित अधिकारियों को दोबारा नोटिस जारी कर जल्द दस्तावेज सौंपने को कहा है। चेतावनी दी गई है कि देरी जारी रहने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता दिल्ली निवासी विकास कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी फर्म ने वर्ष 2011 में उक्त भूमि खरीदी थी और तभी से कब्जे में है। आरोप है कि 27 नवंबर 2025 को जाली प्राधिकरण पत्र और फर्जी हस्ताक्षरों के आधार पर जमीन का पंजीकरण कर दिया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर चुकी है। एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि एसआईटी रजिस्ट्री प्रक्रिया, दस्तावेजों की वैधता और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। नायब तहसीलदार की जिम्मेदारी भी जांच के दायरे में बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि रजिस्ट्री के दौरान स्टांप शुल्क में अनियमितता की आशंका है। इस बात की पड़ताल की जाएगी कि कहीं जमीन की श्रेणी बदलकर शुल्क कम तो नहीं दिखाया गया। जांच एजेंसी का कहना है कि जैसे ही पूरा रिकॉर्ड मिलेगा, मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**सोनीपत।** अवैध शराब को नष्ट करते हुए।

## जब्त अवैध शराब को किया नष्ट

**सोनीपत।** सहायक पुलिस आयुक्त सिटी सोनीपत राजदीप मोर और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में न्यायालय के निर्देश पर विभिन्न मामलों में जब्त की गई अवैध शराब को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई 23 फरवरी 2026 को की गई। राजदीप मोर ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए अभियानों में जब्त शराब को मालखाने में जमा कराया गया था। संबंधित मामलों के न्यायालय में निस्तारण के बाद शराब को नष्ट करने के आदेश प्राप्त हुए। न्यायालय द्वारा कुल 9 मुकदमों का निस्तारण किया गया, जिनमें जब्त की गई 69 पेटी अंग्रेजी शराब, 70 पेटी देशी शराब और 7 पेटी बीयर शामिल थीं। इन सभी को थाना सेक्टर-27 सोनीपत क्षेत्र में नियमानुसार नष्ट किया गया। इस दौरान सिद्धार्थ सिंह संपदा अधिकारी हरियाणा शहरी विकास, एक्साइज इंस्पेक्टर अश्विनी, फूड इंस्पेक्टर संजय चौहान तथा थाना प्रबंधक निरीक्षक सवित कुमार भी उपस्थित रहे।

## मुरथल विवि में धरना स्थगित, मांगों पर बनी सहमति

- विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से मिनट्स ऑफ मीटिंग जारी करने के बाद लिया गया धरना समाप्त करने का निर्णय
- कुलपति ने अपने स्तर की मांगों को एक माह व सरकार के स्तर की मांगों को दो माह में पूरा करवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की ओर से 30 जनवरी चल रहा धरना मंगलवार को 25वें दिन आम सहमति के पश्चात स्थगित कर दिया गया। सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यों पर वापस लौट गए। यह निर्णय विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करते हुए मिनट्स ऑफ मीटिंग जारी करने के बाद लिया गया। कर्मचारी यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार ने धरनारत सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कर्मचारियों की एकता व दृढ़ संकल्प का परिणाम है।



**सोनीपत।** मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में धरने के दौरान मौजूद प्रतिनिधिमंडल व कर्मचारी।

### धरना समर्थकों का किया धन्यवाद

विश्वविद्यालय प्रबंधन को कर्मचारियों की लंबित मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। उन्होंने ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी फैडरेशन के चेयरमैन चरणदास अटवाल, उनके साथ आए अन्य विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधिमंडल का आभार जताया। सुरेश कुमार ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने उनके धरने में शामिल होकर न केवल कर्मचारियों को समर्थन दिया, बल्कि विश्वविद्यालय प्रबंधन से मुलाकात कर उनकी मांगों को पूरा करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा प्रधान सुरेश कुमार ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला इकाई का आभार भी जताया। जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन से मुलाकात कर कर्मचारियों की मांगों को मनवाने का प्रयास किया और धरने का समर्थन किया। प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि वह अपने स्तर की सभी मांगों को एक महीने के अंदर पूरा करेंगे। वहीं सरकार के स्तर की मांगों को दो महीने के अंदर पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। यदि विश्वविद्यालय प्रबंधन अपने स्तर पर मानी गई मांगों को एक महीने के अंदर पूरा नहीं करता है और सरकार के स्तर पर मांगों को दो माह के अंदर पूरा करवाने में विफल रहता है, तो कर्मचारी पुनः धरना देने के लिए विवश होंगे।



**गोहाना।** सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते।

## परीक्षा ड्यूटी के बारे में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के निर्देशानुसार सहायक पुलिस आयुक्त गोहाना राहुल देव ने मंगलवार को गोहाना क्षेत्र में कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षाओं को लेकर ड्यूटी के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

राहुल देव ने कहा कि पुलिस कर्मचारी और अधिकारी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित करवाने के लिए अपनी ड्यूटी के प्रति सतर्क रहें। सहायक पुलिस आयुक्त ने पुलिसकर्मियों को बताया कि परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ड्यूटी के दौरान अनुशासन, विनम्र व्यवहार तथा अभ्यर्थियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाने पर जोर दिया और साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, यातायात अवरोध एवं संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

## वैदिक काल से नारी का सम्मान सर्वोपरी: चेयरपर्सन रेनू भाटिया

# विकसित भारत में महिलाओं का होगा अहम योगदान

***डीसीआरयुएसटी, मुरथल में महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत***



**सोनीपत।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

- देश के युवाओं को हमेशा अपने देश और संस्कृति से जुड़ कर रहना चहिए : रेनू भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या है, तो वे बेझिझक आकर मिल सकती है। छात्राओं और महिलाओं की समस्या का समाधान तुरूंत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के युवा को हमेशा अपने देश और संस्कृति से जुड़ कर रहना चहिए।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, (डीसीआरयुएसटी) मुरथल में मंगलवार को नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) के द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रतिबद्धता के माध्यम से विकसित भारत 2047 विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


जिसमें हरियाणा महिला आयोग की चैयरपर्सन रेनू भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह के द्वारा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो.आशुतोष मिश्रा भी उपस्थित थे। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने विश्वविद्यालय के सभागार में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

देश की बेटियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में कहा गया है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता का निवास होता है। वैदिक काल में देश में नारी का सम्मान होता था।

उस समय हमारा देश आर्थिक रुप से समृद्ध राष्ट्र था। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इतनी सबल व आत्मनिर्भर बने कि देश को विकसित बनाने में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या है तो वे बेझिझक आकर उनसे मिल सकती हैं। वे उनकी समस्याओं का निराकरण मां के रुप में करेंगी।

### 100 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत का लक्ष्य होगा पूरा

कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब महिला सशक्तिकरण को विकास की आधारशिला बनाया जाएगा। इस अवसर पर एनएसएस कोर्डिनेटर प्रो. अनिल सिंधु, प्रो. संजु सैनी व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर उपस्थित रहे।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style



# तमन्ना


## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नड्र्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला




# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आईं तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।



# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*

## ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी जिंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

## चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें




**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



## मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएमवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

## कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



## पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

## दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।



## खबर संक्षेप

### सोनीपत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सोनीपत। सोनीपत के रेलवे लाइन क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों को दी गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन उसके हाथ पर बना त्रिशूल और भगवान शिव का टैटू पहचान का महत्वपूर्ण सुराग माना जा रहा है। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मौजूदगी में शव को सुरक्षित तरीके से नीचे उतारा गया और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

### दीपक सरोहा भाजपा मीडिया सह प्रभारी बने



खरखौदा। स्थानीय निवासी दीपक सरोहा को भाजपा ने मीडिया जिला सह प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीन दहिया ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। उनकी नियुक्ति संगठन की मीडिया और जनसंपर्क गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रवीन दहिया का कहना है कि यह निर्णय पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली तथा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज से विचार-विमर्श करके लिया गया है।

सुबह सात बजे ट्रायल लेने की तैयारी, 9 से 10 बजे तक सोनीपत पहुंचने की संभावना

# हाइड्रोजन ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर आज पकड़ सकती है रफ्तार

हाइड्रोजन ट्रेन के परिचालन को लेकर रेलवे के महाप्रबंधक, दिल्ली रेल मंडल के प्रबंधक कर चुके निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर आज रफ्तार पकड़ सकती है। बुधवार 25 फरवरी को जींद से सोनीपत रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल लेकर श्रीगणेश किया जा सकता है। इसके बाद नियमित रूप से ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा सकता है। ट्रेन के ट्रायल के लिए उच्च अधिकारियों की ओर से करीब 3 माह से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो आज हाइड्रोजन ट्रेन का जींद से सुबह करीब 7 बजे परिचालन शुरु किया जा सकता है। जिसके करीब 9 से 10 बजे के बीच सोनीपत पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि इससे पहले भी 22 फरवरी को ट्रायल का दिन निश्चित किया गया था, लेकिन तकनीकी खामी के चलते योजना सिरे नहीं चढ़ पाई थी। दिल्ली मुख्यालय से प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर के नेतृत्व में कई रेलवे अधिकारी 23 जनवरी को जींद से सोनीपत रूट पर रेल ट्रेन का निरीक्षण कर जायजा ले चुके हैं। इनमें प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर प्रेम कुमार गुप्ता, सीनियन डीएन कोर्डिनेशन रोहित श्रीवास्वत व सीनियर डीएन फॉर अभिषेक बावला शामिल थे।

इसके बाद रेलवे के महाप्रबंधक, दिल्ली रेल मंडल के प्रबंधक सहित उच्च अधिकारी कई बार जींद स्थित हाइड्रोजन प्लांट के चक्कर लगा चुके हैं। अधिकारियों की हलचल के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इसे जल्द हरी झंडी दिखाए जाने की संभावना है।



सोनीपत। स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते यात्री। फोटो : हरिभूमि

### दिसंबर 2025 में जींद पहुंच गई थी हाइड्रोजन ट्रेन

हाइड्रोजन सेल आधारित 35 ट्रेनों के बेड़े को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 2023-24 में 2800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) को हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक में ढालकर यह पहली ट्रेन तैयार की है। इसके कोच इंटीग्रल रेल कोच फैक्टरी चेन्नई ने बनाए हैं। इसके बाद नवंबर 2025 के अंत में तैयार ट्रेन को दिल्ली के सकूरबस्ती लाकर खड़ा कर दिया गया। वहीं दिसंबर 2025 में इसे जींद में लगाए गए हाइड्रोजन प्लांट तक पहुंचाया गया। फिर जनवरी माह में जींद के भंभेवा स्टेशन तक हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल लिया गया था। बुधवार को हाइड्रोजन ट्रेन का सोनीपत तक ट्रायल लिए जाने की संभावना है। हालांकि रेलवे मंत्रालय के निर्देशों के चलते दिल्ली मुख्यालय के अधिकारी मामले में पुष्टि करने को तैयार नहीं हैं।

### इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाएंगे सोनीपत व जींद

देश की पहली 140 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है। हाइड्रोजन व ऑक्सीजन के मिलने से उत्पन्न होने वाली बिजली से इसका परिचालन किया जाएगा। इसमें धुएं की जगह केवल भाप का उत्सर्जन होगा। इंजन के साथ आठ कोच वाली दुनिया की सबसे लंबी इस हाइड्रोजन ट्रेन के दरवाजे भी स्वचालित होंगे, जो यात्रियों को सवार होने के बाद अपने आप बंद हो जाएंगे। ट्रेन का परिचालन शुरू होने से हरियाणा के जींद व सोनीपत जिला रेलवे के भी इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाएंगे।

### 5 एकड़ में लगा हाइड्रोजन प्लांट

सोनीपत-जींद रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन शुरू करने के लिए जींद जंक्शन के पास करीब साढ़े 5 एकड़ जमीन पर हाइड्रोजन प्लांट लगाया गया है। इस प्लांट पर रेलवे ने करीब 118 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। ट्रेन को हाइड्रोजन इसी प्लांट से मुहैया करवाई जाएगी। यह प्लांट रोजाना 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का निर्माण करेगा। इसमें करीब 40,000 लीटर पानी की जरूरत पड़ेगी। प्लांट की गैस भंडारण क्षमता 3000 किलोग्राम है।

### ट्रेन के ठहराव के लिए यह 7 स्टेशन चयनित

रेलवे मंत्रालय की ओर सोनीपत-जींद रूट पर चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन का 7 प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित किया गया है। इनमें जींद, पांडु पिंडारा, भंभेवा, गोहाना जंक्शन, मोहाना व सोनीपत स्टेशन चयनित किए गए हैं। आगामी निर्णय रेल मंत्रालय की ओर से ही लिए जाएंगे। फिलहाल सोनीपत-जींद रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन 1 घंटे में अपनी यात्रा पूर्ण कर सकेगी। इसमें सवार होने वाले यात्रियों को पैसेंजर ट्रेनों के बराबर ही आर्थिक खर्च उठाना पड़ेगा। यात्री मात्र 25 रुपये में सोनीपत-जींद रूट पर यात्रा कर सकेंगे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दोरान रंगोली देखती प्राचार्या साथ में अन्य।

### टीकाराम कन्या महाविद्यालय में होली उत्सव की धूम

सोनीपत। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत टीकाराम कन्या महाविद्यालय में होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. निशा तथा सहसंयोजिका मीनाक्षी रहीं। इस अवसर पर वुमेन सेल की संयोजिका डॉ. शीतल द्वारा लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें निशिता प्रथम, कामना द्वितीय, शिवानी तृतीय तथा निक्की को सांत्वना पुरस्कार मिला। लीगल सेल की संयोजिका डॉ उपासना द्वारा रंगोली प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें दुर्गा प्रथम, मुस्कान द्वितीय, शिवानी तृतीय तथा विधि को सांत्वना पुरस्कार मिला। कम्युनिटी आउटरीच सेल की संयोजिका श्रीमती पूनम द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें हिमांसी प्रथम, चेल्सी द्वितीय, मुस्कान तृतीय तथा इंदु को सांत्वना पुरस्कार मिला। कॉलेज की प्राचार्य गीता ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया।



सोनीपत। यज्ञ के दौरान संस्था पदाधिकारी एवं कॉलेज का स्टाफ।

### हिंदू गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

सोनीपत। हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ यज्ञ और पौधारोपण कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज वाइस प्रेसिडेंट राजेश मित्तल और मैनेजमेंट सदस्य रामकरण उपस्थित रहे, जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया। प्राचार्या विपाशा अग्रवाल ने कहा कि एनएसएस छात्राओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को समाज की समस्याओं से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ नीलम देशवाल, डॉ पूनम सिहाग और डॉ पूजा रंजन ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। प्रथम दिन पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## इतिहास के पन्नों में अमर है भगत फूल सिंह का नाम : रुद्रसेन

■ महिला विवि में भगत फूल सिंह का जन्मदिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के संस्थापक भगत फूल सिंह का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह यजशाला में हवन कराया गया, जिसमें मुख्य यज्ञमान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने अधिकारियों, शिक्षकों व छात्राओं के साथ आहुति डाली। दिन में छात्रा कल्याण अधिष्ठाता द्वारा संगोष्ठी आयोजित की, जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी कैप्टन रुद्रसेन और विशिष्ट अतिथि नेशनल मेडिकोज एसोसिएशन के प्रदेश इकाई के संरक्षक प्रो. योगेंद्र मलिक व प्रो. सुधीर आर्य रहे। कैप्टन रुद्रसेन ने कहा कि भगत फूल सिंह ने शिक्षा के साथ समाज हित में भी अनेक कार्य किए। उनका नाम इतिहास के पन्नों में अमर है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां आने वाले समय में देश चलाएंगी। बेटियां जीवन में कितनी भी ऊंचाई पर पहुंचे लेकिन अपनी जड़ों को मत छोड़ें।



गोहाना। भगत फूल सिंह जी के जीवन से जुड़ी वस्तुओं की प्रदर्शनी को देखते हुए कैप्टन रुद्रसेन व अन्य अतिथि और भगत फूल सिंह के जीवन पर लिखी पुस्तक महाकाव्य का विमोचन करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

### एनसीसी कैडेट टीम को किया सम्मानित

सोनीपत। कुरुक्षेत्र में संपन्न वाईएएमएस आपदा मित्र शिविर में हिस्सा लेकर जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनसीसी कैडेट लौट आई हैं। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कैडेटों की वापसी पर उनका अभिनंदन किया। जीवीएम की एनसीसी इकाई की प्रभारी ले. प्रियंका ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अरूणाय, पिहोवा में में वाईएएमएस आपदा मित्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शिविर का उद्देश्य कैडेटों को आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रशिक्षित करना तथा उनमें सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। शिविर के दौरान उन्हें भूकंप, बाढ़ तथा आगजनी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही प्राथमिक उपचार, सीपीआर, अग्निशमन तकनीक एवं घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## राजा राजतंत्र और लोकतंत्र का मिला-जुला रूप : डॉ. आचार्य वेदपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वैदिक यज्ञ समिति की ओर से सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित सात दिवसीय 47वें वार्षिक उत्सव अथर्ववेद पारायण यज्ञ का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। उत्तर प्रदेश के मेरठ से यज्ञ के ब्रह्मा डॉ. आचार्य वेदपाल ने अथर्ववेद के मंत्रों की व्याख्या करते हुए बताया कि राजा राजतंत्र व लोकतंत्र का मिला-जुला रूप होता है। राजा पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं होता। यद्यपि राजा अदण्य होता है, फिर भी राजा कोई राष्ट्र के विपरीत कार्य करता है, तो उसके ऊपर भी धर्माधिकारी होता है, जो राजा को दंड दे सकता है। डॉ. आचार्य वेदपाल ने बताया कि राजा को सभी वर्गों के प्रति समान भाव से पदार्थ का वितरण करना चाहिए। राजा युद्ध में प्रवृति न रखता हुआ भी दूसरों को भयभीत रखें। राजस्थान के अजमेर से मुख्य वक्ता आचार्य अंकित प्रभाकर ने गायत्री मंत्र में आए वरेण्यम्‌ शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि हम ईश्वर को अपने सांसारिक कामनाओं को प्राप्त करने का आधार मानते हैं, जबकि ईश्वर हमारी आत्मा का समर्पण चाहते है। जिससे जीवात्मा लाभ व सुरक्षा को प्राप्त कर सके। कार्यक्रम का संचालन आचार्य दीक्षा आर्य ने किया। कार्यक्रम में महेंद्र शास्त्री, दीनदयाल मदान, संदीप ग्रोवर, अशोक मदान, अनीता चावला, मीनाक्षी मदान मौजूद रही।



सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में वैदिक यज्ञ समिति के वार्षिक उत्सव में प्रवचन करते वैदिक प्रवक्ता। फोटो : हरिभूमि




खरखौदा। जागरूकता रैली निकालते हुए स्वयंसेवी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### पराली न जलाने को लेकर निकाली जागरूकता रैली

खरखौदा। एनएसएस कैंप का पांचवा दिन ग्रामपंचायत गोपालपुर के सरपंच विनोद दहिया के सहयोग से उत्साह एवं जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज इंचार्ज प्रोफेसर योगिता मालिक ने हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम यादव के नेतृत्व में वंदे मातरम एवं एनएसएस गीत के साथ ही योग किया। इसके बाद सभी छात्राओं ने गाँव के स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया एवं हेल्थ चेकअप करवाया। उसके बाद रिंकी ने स्वयं सेविकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन घर पर बनाने की विधि बताई। तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने पराली न जलने हेतु गांव में रैली निकाली तथा पुस्तक वितरण किया। स्वयं सेविकाओं ने तालाब का दौरा किया जिसका उद्देश्य प्राचीन धरोहर से जोड़ना था। शाम के समय डॉ मीनाक्षी ने स्वदेशी विषय पर व्याख्यान दिया।

## हरविका व रूही ने बॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा की पांडव नगरी सोनीपत से दो होनहार बेटियों ने अंडर-11 आयु वर्ग में राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 21 से 23 फरवरी तक तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली किया गया। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हरविका परूथी व रूही दोनों खिलाड़ियों का राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। तमिलनाडु से वापस लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का स्वागत किया जाएगा। हरविका के पिता संदीप परूथी व मां सोनाली परूथी ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों को प्रशिक्षक विनोद कुमार व अंशिका ने परिश्रम व समर्पण के साथ प्रशिक्षण दिया, जिसके आधार पर दोनों बेटियों ने टीम के साथ राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले के साथ अभिभावकों का नाम रोशन किया।



सोनीपत। तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी हरविका परूथी, रूही व प्रशिक्षक विनोद कुमार। फोटो : हरिभूमि

### महिला आयोग की चेयरमैन से मिला डीक्रूटा का प्रतिनिधिमंडल

सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की शैक्षणिक यूनियन डीक्रूटा के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा महिला आयोग की चेयरमैन रेणु भाटिया से मिलकर विवि में महिलाओं के साथ हो रहे भेदभावपूर्ण रवैये से अवगत कराया। आरोप है कि महिला कर्मचारियों को अवांछित आरोप लगाकर प्रबंधन की ओर से उनके खिलाफ अनुशानात्मक कार्यवाही की धमकी जा रही है। इससे महिला कर्मचारियों में डर का माहौल है। महिला आयोग की चेयरमैन ने मामले में प्रतिनिधिमंडल को जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।



गन्नौर। मेधावी विद्यार्थियों के साथ समाजसेवी अंकित मल्हौत्रा व प्रधानाचार्या भूषण भाटिया। फोटो : हरिभूमि

### सफलता परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम

गन्नौर। सीसीएएस जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को मेधावी एवं आकांक्षी प्रतिभाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी अंकित मल्होत्रा ने शिरकत की। संस्था के प्रधान आनंद जैन की अध्यक्षता में प्रधानाचार्या भूषण भाटिया व उप-प्रधानाचार्या शालिनी जैन ने अतिथि का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने णमोकार मंत्र, हनुमान चालीसा आधारित एरोबिक्स तथा भगवान वर्धमान को समर्पित भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त पूर्व विद्यार्थियों और खेल दिवस के विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंकित मल्हौत्रा ने सफलता को परिश्रम, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम बताया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच संचालन ज्योति कपूर ने किया।

### मुख्य मुद्दों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि शहर के युवाओं में नशे की लत और शहर में लगने वाला जाम आज मुख्य समस्या बन गया है और इन दोनों समस्याओं को हम मिलकर दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहर को जाम व नशा मुक्त बनाने के लिए सभी सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर जिला प्रशासन प्रयास करेगा। बैठक में नशे को लेकर उठाई गई समस्या पर उपायुक्त ने सोनीपत समाज पंचायत के सदस्यों की मांग पर एसीपी को निर्देश दिए कि संगठनों द्वारा जिन स्थानों के बारे में बताया गया है वहां पर लगातार पुलिस गस्त करें और जो भी व्यक्ति नशा बेचने या करने के कार्य में संलिप्त मिले तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने स्कूलों व कॉलेजों के आसपास गस्त करने के भी निर्देश दिए।

### श्रीमद्भागवत कथा में बताया भक्ति का मार्ग





सोनीपत। क्षेत्र की सुख-शांति के लिए कैलाश कॉलोनी शांति विहार स्थित शादीपुर चौपाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को तीसरा दिन रहा। उत्तराखंड से कथाव्यास आचार्य जितेंद्र शास्त्री ने राजा परीक्षित, सती चरित्र, भक्त ध्रुव के प्रसंग का वर्णन किया। कथाव्यास ने श्रद्धालुओं के साथ भागवत पूजन कर कथा की शुरुआत की। आचार्य जितेंद्र शास्त्री ने बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित ने अपना संपूर्ण राज्य छोड़कर भक्ति के मार्ग में लीन हो गए थे। जब उन्हें पता चला कि मृत्यु निकट है तो वह घबराएं नहीं, मृत्यु को देखकर डरे नहीं और उसका डटकर सामना किया। इसके परिणामस्वरुप नारद ने उन्हें भागवत कथा सुनाई। कथा से उन्हें मुक्ति की प्राप्ति हुई। कथाव्यास ने बताया कि नारद जी दासी पुत्र थे, लेकिन भगवान की भक्ति करने के कारण वह अगले जन्म में ब्रह्म के पुत्र बने। कथाव्यास ने सती चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि समाज को इस प्रसंग से प्रेरणा लेकर पति-पत्नी का जो संबंध है, उसे प्रेम से निर्वाण करना चाहिए। भक्त ध्रुव ने 5 वर्ष की आयु में भक्ति के कारण कैसे भगवान को प्राप्त किया। मुख्य यजमान के रूप में पूर्णानंद ने परिवार सहित दीप प्रज्वलन किया। आचार्य मनोज ने अपने भजनों से माहौल को भक्तिमय बनाया।

महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए किया यज्ञ : डॉ. दयानंद सरस्वती

## कथा में रामजन्म उत्सव मनाकर गाए मंगलगीत

हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में वार्षिक उत्सव का रहा चौथा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में चल रहे वार्षिक उत्सव श्री रामकथा एवं नवचंडी महायज्ञ का मंगलवार को चौथा दिन रहा। श्री रामकथा में श्रीराम जन्म उत्सव मनाया गया। कथाव्यास एवं श्रीराम कृष्ण साधना केंद्र, मुरथल के संस्थापक 1008 स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती यति महाराज ने महाराजा दशरथ के चारों पुत्रों के जन्म का प्रसंग सुनाया। इससे पहले मंदिर परिसर में मंत्रोच्चारण के साथ नवचंडी महायज्ञ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता निवर्तमान मेयर राजीव जैन विशेष रूप से पहुंचें। कथाव्यास स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ आरंभ करने की ठानी। महाराज की आज्ञानुसार श्यामकर्ण घोड़ा चतुरंगिनी सेना के साथ छुड़वा दिया गया। महाराज दशरथ ने समस्त मनस्वी, तपस्वी, विद्वान ऋषि-मुनियों व वेदविज्ञ प्रकाण्ड पंडितों को यज्ञ संपन्न करवाने के लिए आमंत्रित किया। निश्चि त समय आने पर समस्त अभ्यागतों के साथ महाराज दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ, परम मित्र अंग देश के अधिपति लोभपाद के जामाता ऋंग ऋषि को लेकर यज्ञ मंडप में पहुंचे। समस्त पंडितों, ब्राह्मणों, ऋषियों को यथोचित धन-धान्य, गो आदि भेंट कर यज्ञ की समाप्ति की गई। राजा दशरथ ने यज्ञ के प्रसाद चरा (खीर) को अपने महल में ले जाकर अपनी तीनों रानियों में वितरित किया। सके पश्चात शुभ नक्षत्रों व शुभ घड़ी में महारानी कैकेयी के एक और तीसरी रानी सुमित्रा के दो तेजस्वी पुत्रों का जन्म हुआ। संपूर्ण राज्य में आनंद मनाया जाने लगा। चारों पुत्रों का नामकरण संस्कार महर्षि वशिष्ठ ने कर उनके नाम रामचंद्र, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न रखे। कथा में मंदिर समिति के प्रधान महेश गोयल, पंडित अमित शौनक आदि रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता राजीव जैन आशीर्वाद प्राप्त करते हुए।



सोनीपत। हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में श्री रामकथा का श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### मादक पदार्थ तस्करी मामले में दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में अमित उर्फ मित्ता निवासी गांव भालौठ जिला रोहतक हाल साबुन दरवाजा बड़ा बाजार सोनीपत तथा भूपेंद्र निवासी हनुमान नगर सोनीपत शामिल हैं।

### वसुंधरा सेन के दोषियों के लिए मौत की सजा की मांग

**गोहाना।** दलित एवं पिछड़ी जातियों के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने वसुंधरा सेन की हत्या के दोषियों को मौत की सजा देने की मांग की है। इस मांग को लेकर संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को बैकवर्ड नेता आजाद दांगी व सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग बाजवान के नेतृत्व में नायब तहसीलदार जतिंद्र गिल को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### गुरु गोरखनाथ मंदिर में हवन व भंडारा आज

**खरखौदा।** बुधवार को गोरड़ गांव के गुरु गोरखनाथ मंदिर में हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी बलराम मास्टर बताते हैं। गुरु गोरखनाथ नवमी व बाबा रतन दास की पुण्य स्मृति पर प्रतिवर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें रात्रि के समय जागरण भी किया जाता है।

### अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपी काबू

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित प्रमोद निवासी गांव लहराड़ा जिला सोनीपत है। पुलिस को 23 फरवरी 2026 को सूचना मिली थी कि सेक्टर-15 सोनीपत से अवैध शराब से भरी मारुति स्विफ्ट और हुंडई वेन्यू गाड़ियां दिल्ली ले जाई जा रही हैं।

## रंगों से गुलजार होने लगा बाजार, हर्बल गुलाल व पिचकारियों से सजी दुकानें

# होली पर्व : हेलीकॉप्टर व रेन डांस पिचकारी करेंगी बौछार, स्मॉग बम उड़ाएगा गुलाल

1. बाजार में 288 शॉट का पटाखा, हथोड़ा, भाला, बैट-बॉल, प्रेशर टैंक जैसे खिलौना पिचकारियां कर रही आकर्षित
2. कच्चे क्वार्टर मार्केट, गुड़ मंडी, हलवाई हट्टा, गोहाना रोड पर सजने लगी होली के सामान की दुकानें व स्टॉल
3. मालाओं में बिस्कुट-टॉफी की जगह लेने लगे ड्राई फ्रूट, होली के सामान की खरीदारी के लिए फिलहाल ग्राहक कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

होली पर्व को लेकर बाजार रंग-बिरंगे गुलाल, विभिन्न डिजाइन की पिचकारियों, बिस्कुट-चॉकलेट व ड्राईफ्रूट की मालाओं से सजने लगे हैं। हर्बल गुलाल की भीनी खुशबू बाजार को महका रही है। इस बार बच्चों को लुभाने के लिए हेलीकॉप्टर, रेन डांस जैसी पिचकारियां होली पर पानी की बौछार करेंगी। साथ ही स्मॉग बम रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल उड़ाएगा। रंग-बिरंगे गुलाल के साथ 288 शॉट का पटाखा, हथोड़ा, भाला, बैट-बॉल जैसी खिलौनों के रूप में पिचकारियों के साथ प्रेशर टैंक व पाइप पिचकारी बच्चों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही हैं। युवाओं के लिए रंग-बिरंगे स्प्रे के साथ नई आइटम के रूप में स्मॉग बम जैसी फॉग आइटम मंगवाई गई हैं।

दुकानदार नरेश कुमार, प्रमोद, सुनील, अभिषेक ने बताया कि होली उत्सव को लेकर बाजार में सामान से दुकानें सज चुकी हैं। फिलहाल होली के सामान की खरीदारी के लिए कम ग्राहक दुकानों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन दो-तीन बाद भीड़ बढ़ सकती है। कच्चा क्वार्टर मार्केट, सेक्टर-14 व 23 मार्केट, गुड़ मंडी, हलवाई हट्टा, बस अड्डा, बड़ा बाजार, गोहाना रोड में होली के रंगों से दुकानें सज चुकी हैं। दुकानों पर ग्राहकों के लिए मुर्गा छाप, श्रीगणेश के रंग, रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल, बच्चों के लिए खिलौनों वाली पिचकारी से लेकर टैंक पिचकारी तक मंगवाई गई है। सुबह व शाम खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगी है। उम्मीद है कि दो-तीन बाद होली के सामान की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ बढ़ सकती है। मंगलवार से होलाष्टक शुरू हो गया है।



**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर मार्केट के पास विभिन्न डिजाइन की पिचकारियों, रंग-बिरंगे गुलाल व अन्य सामान से सजी दुकान।

### पिचकारियों के दाम

| | |
|---|---|
| खिलौना पिचकारी - 20-250 रुपये | स्मॉग बम - 50-550 रुपये |
| प्रेशर पिचकारी - 150-650 रुपये | जादुई गिलास - 50-180 रुपये |
| टैंक पिचकारी - 200-800 रुपये | गोल्डन-सिल्वर पेस्ट - 30-50 रुपये |
| हर्बल गुलाल पैकेट - 40-250 रुपये | ड्राईफ्रूट माला - 200-500 रुपये |
| मुर्गा छाप रंग पैकेट - 40-100 रुपये | बिस्कुट-टॉफी-चॉकलेट माला - 100-250 रुपये |
| गुलाल पैकेट - 20-50 रुपये | |

### फॉग आइटमों से बनेगा रंगों के धुएं का गुबार

होली पर्व को लेकर इस बार नई आइटम के रूप में हेलीकॉप्टर व रेन डांस पिचकारी के साथ स्मॉग बम व जादुई गिलास युवाओं की पसंद बने हुए हैं। स्मॉग बम में आग लगाने से रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल की बौछार होगी। जादुई गिलास में पानी डालने के बाद रंग-बिरंगा पानी बाहर निकलेगा। कई अन्य फॉग आइटम में आग लगाते ही अलग-अलग रंगों के धुएं का गुबार बाहर निकलेगा। हेलीकॉप्टर व रेन डांस पिचकारी पानी की बौछार करेंगे। इससे होली पर्व की अलग ही छाप होगी।

### ड्राईफ्रूट से तैयार मालाओं का बना क्रेज

किरयाना दुकानदार दीपक दुआ व अमित कुमार ने बताया कि इस बार होली पर्व पर बिस्कुट-टॉफी से बनी मालाओं का क्रेज कम हो रहा है। ग्राहक ड्राईफ्रूट से बनी मालाएं ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इन मालाओं को काजू, बादाम, पिस्ता, मखाना, छुआरे, मिश्री से बनाया जा रहा है। ड्राईफ्रूट के वजन के हिसाब से माला का रेट तय किया जाता है। पारदर्शी प्लास्टिक के पाइप में सब्जी सामग्री को डालकर होली पर्व के लिए मालाएं तैयार की जा रही हैं।

# चीनी मिल के सकुशल संचालन के लिए किया हवन-यज्ञ

- मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल के सकुशल संचालन के लिए मंगलवार को हवन किया गया। हवन में मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। मुख्य अतिथि चीनी मिल की एमडी अंकिता वर्मा और मुख्य लेखा अधिकारी जितेंद्र शर्मा थे। हवन में चीनी विक्रय प्रबंधक धनीराम शर्मा, मुख्य अभियंता अनिल चौहान, सीडीओ महावीर शर्मा, क्रय लिपिक अनिल वर्मा, धर्मवीर व अनिल शर्मा सहित मिल के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। हवन पं. श्यामसुंदर ने करवाया। इस अवसर पर वेदपाल, नरेंद्र मुद्गिल, जोगेन्द्र खानपुर व महावीर उपस्थित रहे।



**गोहाना।** हवन में आहुतियां डालते हुए चीनी मिल के अधिकारी और कर्मचारी।



### चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में किड्डी कार्निवल का किया आयोजन

**गन्नौर।** चाईल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में किड्डी कार्निवल का आयोजन हुआ। जिसमें 3 से 8 वर्ष आयु वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। नन्हे प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक अजय यादव ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तकीय शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।रैंप वॉक में काव्या, दर्शिता, चार्वी, फैंसी ड्रेस में शिवांगी और सानवी, डांस में गणेश, गायु, हर्षिका, हंस, तनुज, जागृति, दीक्षा और अनुष्का, कविता गायन में निव्या, युवराज, हर्षित और यक्षित आदि ने विभिन्न पुरस्कार अर्जित किए। व्यवस्था शिक्षकों ने संभाली।

## खबर संक्षेप

### औद्योगिक क्षेत्र की अव्यवस्थाओं पर सौंपा ज्ञापन

**गन्नौर।** औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत ढांचे की कमियों, प्रशासनिक अनियमितताओं और संचालन संबंधी समस्याओं को लेकर बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक यश गर्ग को ज्ञापन दे कर शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। इसकी जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित जैन ने दी। उन्होंने बताया कि कामन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट में तकनीकी खामियों के कारण उद्योगों को पर्यावरणीय जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। मामला एनजीटी में विचाराधीन है। एसोसिएशन ने सीईटीपी का तकनीकी आडिट, क्षमता आकलन, समयबद्ध सुधार योजना और पारदर्शी अनुपालन रिपोर्टिंग की मांग की है। इसके अलावा बिजली ढांचे की कमजोरी, रखरखाव व विकास कार्यों के बिल एसोसिएशन सत्यापन बिना पारित करने, टेंडर बिना स्वीकृति जारी करने, कोटेशन आधार पर कार्य कराने, मेंटेनेंस विभाग के गैर-जवाबदेह रवैये, ठोस कचरा प्रबंधन की खराब व्यवस्था तथा स्थानीय कार्यालय में देरी व समन्वय की कमी जैसे मुद्दे भी उठाए गए। इस मौके पर महासचिव वीरेंद्र जैन, उपाध्यक्ष नरेंद्र नंदा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### विधायक ने विस में उठाई क्षेत्र की आवाज

**गन्नौर।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ गन्नौर की सांस्कृतिक पहचान को सम्मान दिलाने की पुरजोर वकालत की।विधायक कादियान ने सोनीपत, पानीपत और रोहतक जिलों की कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए खुबड़ू हेड से रोहतक तक जेएलएन और भालौठ सब ब्रांच नहरों के बीच पक्की सड़क निर्माण की मांग उठाई। विधायक ने बीएसटी रेलवे ब्रिज पर आरयूबी (रेलवे अंडर ब्रिज) के निर्माण की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि खेड़ी, पांची और गढ़ी झंझारा रोड पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को आए दिन जाम का सामना करना पड़ता है, जिसे आरयूबी बनाकर सुलझाया जा सकता है। विधायक कादियान ने गन्नौर की माटी के लाल और मशहूर लोक गायक स्वर्गीय राजकिशन अगवानपुरिया का मुद्दा उठाया। राजकीय स्कूल का नाम राजकिशन अगवानपुरिया के नाम पर रखा जाए। साथ ही सरकार से मांग कर उन्हें प्रदेश के लख्मीचंद संस्कृति रत्न या मेहर सिंह संस्कृति रत्न से सम्मानित किया जाए।





### वार्षिक उत्सव समारोह में छात्रों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**गन्नौर।** शाश्वत चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय की निर्देशिका दर्शन शर्मा, प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा तथा उप-प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति शर्मा मौजूद रही। विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और अनुशासन को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों के साथ आदर्श नागरिक बनना है। विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, समूहगान एवं देशभक्ति प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया। नर्सरी से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीतों और लोकनृत्यों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कला एवं शिल्प प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अभिभावकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

### उदेशीपुर में की माता की मूर्ति स्थापना

**गन्नौर।** मंगलवार को उदेशीपुर गांव में माता चुगान वाली और माता शीतला की मूर्ति विधि-विधान से स्थापित की गई। इस पावर अवसर पर गांव के मुख्य मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंगल गान करते हुए हिस्सा लिया। मूर्ति स्थापना के बाद आयोजित संकीर्तन में श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए। इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने शिरकत की। यहां उनका ग्रामीणों ने फूल माला से स्वागत किया। कादियान ने भंडारे में सेवा देकर प्रसाद ग्रहण किया और कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते है। मंदिर केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों के केंद्र है। गांव की सुख-शांति और समृद्धि के लिए हम सभी को मिलकर ऐसे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भागीदारी करनी चाहिए। इस मौके पर सरपंच आजाद सिंह, रामेहर नंबरदार, नरेश दिलावर, पोला नांदल, ईश्वर पूर्व सरपंच, भीम नांदल, भाना प्रधान, फूलकंवार, मोना, धर्मबीर दिलावर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



### किसान के बेटे तुषार ने बढ़ाया मान, किया सम्मानित

गांव राजपुर में यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफ परीक्षा में देश भर में 263 वां रैंक हासिल करने वाले तुषार राठी ने सम्मान में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने नवनियुक्त असिस्टेंट कमांडेंट तुषार को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि को क्षेत्र का गौरव बताया।

### भैरा बाकीपुर के कार्तिक ने बॉडी बिल्डिंग में जीता पदक, पंचायत ने किया सम्मान



**राई।** गांव भैरा बाकीपुर के कार्तिक ने नरेला में आर जी फिटनेस क्लब द्वारा आयोजित बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पदक जीतकर गांव का नाम रौशन किया। पदक जितने पर गांव के सरपंच जयराम शर्मा व खेल प्रेमियों ने विजेता खिलाड़ी कार्तिक का स्वागत किया। सरपंच जयराम शर्मा ने कहा कि गांव के बच्चों को खेलों तरफ प्रेरित करने के लिए पंचायत प्रयासरत है। कार्यक्रम में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पश्चिमी बाइपास का जल्द निर्माण करवाए सरकार : विधायक इंदुराज

- विधारसभा सत्र में घोषणा विधानसभा पत्र की सभी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने सरकार से गोहाना पश्चिमी बाइपास का निर्माण करवाने की मांग की है ताकि लोगों को शहर में जाम की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने मंगलवार को यह मांग विधानसभा के बजट सत्र में उठाते हुए भाजपा से अपने घोषणा पत्र की सभी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। विधायक ने कहा कि गोहाना पश्चिमी बाइपास का निर्माण करवाना अनिवार्य हो गया है। वर्तमान में शहर में जाम की स्थिति बनी रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिमी बाइपास के निर्माण से लोगों को शहर में जाम में फंसने से मुक्ति मिलेगी। भाजपा सरकार अपनी इस पुरानी घोषणा को जल्द पूरा करे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा नवंबर 2015 में गोहाना के पश्चिमी बाइपास का निर्माण करवाने की घोषणा की गई थी। आज दस वर्ष बीत जाने के बाद भी यह घोषणा अधूरी है। विधायक इंदुराज नरवाल ने सवाल किया कि भाजपा यह बताए कि उसने अपने घोषणा पत्र में को विकासकार्य करवाने की घोषणाएं की गई थी उनको कब तक पूरा करवा दिया जाएगा।



### गांव सिसाना में दंगल का आयोजन 27 को

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव सिसाना में 27 फरवरी को शहीद ताराचन्द पहलवान व परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह की स्मृति में दंगल का आयोजन किया जाएगा। होली से पहले आने वाली ग्यास के दिन प्रतिवर्ष इस विशाल दंगल का आयोजन गांव सिसाना जिला सोनीपत में किया जाता है। इस वर्ष प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए दूसरा पुरस्कार 51000/- तीसरा पुरस्कार 31000/- रुपए रखा गया है जिसके अतिरिक्त अन्य लाखों रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए द्रोणाचार्य अवार्डी, राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह दहिया ने बताया कि इस अवसर पर हरियाणा पुलिस के अमर शहीद ताराचन्द पहलवान तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध के परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह सहित सभी जवानों एवं देशभक्तों को नमन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**तैयारी** राज्य निर्वाचन आयोग सचिव ने प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने को लेकर अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

# 28 को वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो निगम क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता : हर्षित कुमार

सूची को तैयार करते समय पूर्ण सावधानी, निष्पक्षता और पारदर्शिता बरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की ओर अधिसूचना के माध्यम से सोनीपत नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के वितरण एवं प्रकाशन संबंधी कार्यक्रम जारी किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी तक विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं का संबंधित नगर निगम वार्डों में वितरण कर प्रारूप मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद 28 फरवरी को वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी।




**सोनीपत।** लघु सचिवालय में बैठक के दौरान मौजूद नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

### अधिकारियों को निर्देश

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव गौरव ने 28 फरवरी को प्रकाशित होने वाली वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची को तैयार करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 28 फरवरी को प्रकाशित होने वाली वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची को तैयार करते समय पूर्ण सावधानी, निष्पक्षता, पारदर्शिता बरतें। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम सुभाष चंद्र,शुगर मील एमडी संजय, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ आदि मौजूद रहे।

### बीएलएमएस सॉफ्टवेयर संबंधित डाटा होगा शामिल

सचिव गौरव ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची तैयार करते समय बीएलएमएस सॉफ्टवेयर से संबंधित डाटा को भी इस मतदाता सूची में शामिल करें। इसमें वह डाटा होगा, जिसकी वोट मृत्यु होने के कारण कट गई है, जिसने अपनी वोट शिफ्ट करवाई है या नई बनवाई है। इस डाटा की मदद से मृत व्यक्तियों की वोट काटी जाए। वोट काटने के लिए संबंधित व्यक्ति के परिवार को नोटिस देकर उनसे लिखित में लेना होगा कि उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। इसके अलावा इस डाटा में उनको भी शामिल किया जाएगा।

### 27 मार्च को अंतिम मतदाता सूची होगी प्रकाशित

सचिव ने बताया कि 28 फरवरी को प्रकाशित होने वाली वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची के बाद लोगों की ओर से दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसकी अंतिम तिथि आयोग की ओर से 7 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि 12 मार्च तक संशोधन प्राधिकारी की ओर से उनका निपटारा किया जाएगा। संशोधन प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध उपायुक्त के समक्ष अपील दायर करने की अंतिम तिथि 16 मार्च, अपीलों के निपटान की अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित की गई है।